हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

07 महिला सशक्तीकरण, स्थानीय रोजगार व किसानों के...



08 व्यापारी, जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की उपस्थिति में ...



खबर संक्षेप

रबी फसलों के बीज का पर्याप्त भण्डारण

सीहोर। किसानों को आगामी रबी मौसम के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है। जिलों में शासकीय एवं अन्य अधिकृत संस्थाओं के पास उपलब्ध है। किसानों की मांग एवं आवश्यकता के अनुसार बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों से आग्रह है कि वे अधिकृत विक्रय केन्द्रों एवं संबंधित सहकारी संस्थाओं से प्रमाणित बीज क्रय कर सकते हैं। बीज खरीदते समय टैग, बिल एवं बीज की वैधता जांच कर लें। किसी भी प्रकार की अनियमितता या निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बीज विक्रय होने पर संबंधित जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों को सूचना दें। जिलों में मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम में 91452 क्विंटल, शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों में 12403 क्विंटल, बीज संघ में 652739 क्विंटल, राष्ट्रीय बीज निगम में 255718 क्विंटल, अन्य अधिकृत संस्थाओं में 190839 क्विंटल इस प्रकार संस्थागत में 1203191 क्विंटल एवं निजी बीज संस्थाओं में 2548843 क्विंटल उपलब्ध है। इस प्रकार कुल 3751994 क्विंटल चना, मसूर, सरसों, अलसी, मटर, गेहूं एवं जौ बीज उपलब्ध हैं।

23 को समस्या निवारण के लिए लगेगा शिविर

सीहोर। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सीहोर वृत्त द्वारा उपभोक्ता सेवा में उन्नयन के उद्देश्य से "समर्पक अभियान" योजना लागू की गयी। जिसके तहत 15 अक्टूबर को उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क अभियान चलाया गया इसी अभियान के तहत 23 अक्टूबर को आष्टा संभाग के अंतर्गत जावर में विद्युत समस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में बिजली बिल सुधार, मीटर, सर्विस केबल, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओ से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। शिविर में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनकर समाधान करेंगे।

486 बच्चों का किया गया टीकाकरण

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 229 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 229 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में शून्य से 1 वर्ष तक के 1105 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 486 बच्चों का टीकाकरण किया। साथ ही 198 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को निर्देश दिए।

हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, मां जगदम्बा को अर्पित की 151 मीटर लंबी चुनरी

चुनरी यात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल, 50 से अधिक स्थानों पर हुआ स्वागत, गरबा टीमों ने दी प्रस्तुतियां



यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, वहीं शहर के 50 से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने मंच बनाकर पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मां जगदंबा के जयकारे, हाथों में लहराते ध्वज, सिर पर कलश धारण किए बालिकाएं, भक्ति गीतों पर थिरकते श्रद्धालु और आसमान से होती पुष्पवर्षा। नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार को शहर में निकली भव्य चुनरी यात्रा में आस्था, उत्साह और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध करौली वाली माता मंदिर से प्रारंभ हुई इस यात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने मां जगदंबा को 151 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की। यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, वहीं शहर के 50 से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने मंच बनाकर पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां, युवा और धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए। पूरे मार्ग पर माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। जगह-जगह हुए स्वागत और भक्तिमय प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया। नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर सहित आयोजन समिति का भी विभिन्न स्थानों पर सम्मान किया गया।

पूजा-अर्चना के बाद हुआ शुभारंभ

चुनरी यात्रा को लेकर सुबह से ही करौली वाली माता मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। बड़ी संख्या में महिलाएं चुनरी यात्रा में शामिल होने पहुंचीं, वहीं पुरुष श्रद्धालुओं की भी सहभागिता रही। मंदिर परिसर में विधि-विधान से मां करौली की पूजा-अर्चना और आरती की गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया, इसके बाद चुनरी यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा की सबसे विशेष बात 151 मीटर लंबी चुनरी रही। महिलाओं ने चुनरी को अपने हाथों में थामकर आगे बढ़ना शुरू किया। चुनरी की लंबाई अधिक होने के कारण पीछे खड़ी महिलाएं भी इसे थामती चली गईं और देखते ही देखते श्रद्धालुओं की लंबी कतार बन गई। चुनरी को मां जगदंबा के प्रति श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का प्रतीक मानकर भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया।

बालिकाएं बनीं आकर्षण का केंद्र

चुनरी यात्रा में सबसे आगे सिर पर कलश धारण किए बालिकाएं चल रही थीं। उनके पीछे गाजे-बाजे के साथ माता रानी के सुमधुर भजन गूंज रहे थे। युवाओं की टोलियां हाथों में माता रानी के ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रही थीं। श्रद्धालुओं के समूह भक्ति गीतों पर डांडिया रास करते हुए यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं के हाथों में 151 मीटर लंबी चुनरी और पुरुष श्रद्धालुओं की सहभागिता ने यात्रा को भव्य स्वरूप दिया। जुलूस के पीछे सुसज्जित रथ पर देवी के विभिन्न स्वरूपों में सजी कन्याएं विराजमान थीं। कन्याओं ने मां लक्ष्मी, मां दुर्गा और मां कालिका के स्वरूप धारण किए हुए थे, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे।

दुर्गावाहिनी की बालिकाएं रहीं शामिल

ऐतिहासिक चुनरी यात्रा में 300 से अधिक दुर्गावाहिनी की बालिकाओं ने सहभागिता की। उनके घेरे में सात से अधिक गरबा टीमों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र सहित विभिन्न प्रदेशों की पारंपरिक वेशभूषा और परिधानों में सजी युवतियां गरबा करती हुई आगे बढ़ीं। रंग-बिरंगे परिधानों, पारंपरिक नृत्य और भक्ति संगीत ने यात्रा की शोभा बढ़ाई। गरबा टीमों की प्रस्तुतियों के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। युवाओं और महिलाओं ने भक्ति के रंग में रंगकर माता रानी के जयकारे लगाए। यात्रा में शामिल झांकियों, अखाड़ों और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने धार्मिक आयोजन को सांस्कृतिक उत्सव का रूप दिया।

जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

चुनरी यात्रा के मार्ग में 50 से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने स्वागत मंच बनाए थे। इन मंचों से यात्रा में शामिल भक्तों पर पुष्पवर्षा की गई। विभिन्न स्थानों पर आयोजन समिति का स्वागत और सम्मान भी किया गया। श्रद्धालु मां जगदंबा के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा ने आयोजन में विशेष आकर्षण जोड़ा। आसमान से बरसते फूलों और नीचे मां की चुनरी थामे चल रहे श्रद्धालुओं के दृश्य ने भक्तिमय वातावरण को और उत्साहपूर्ण बना दिया। पूरे मार्ग में लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और माता रानी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

14 वर्षों से आयोजित हो रही यात्रा

करौली वाली माता मंदिर से निकलने वाली चुनरी यात्रा की परंपरा पिछले 14 वर्षों से लगातार जारी है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल होकर मां जगदंबा को चुनरी अर्पित करते हैं। इस आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक भी देखने को मिलती है। इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी ने आयोजन को व्यापक स्वरूप दिया। महिलाओं, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता ने सामूहिक आस्था का संदेश दिया। आयोजन के दौरान माता रानी के जयकारों से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

युवा पीढ़ी को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना उद्देश्य : प्रिंस राठौर

नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनरी यात्रा आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। माता रानी के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा ही इस यात्रा को हर वर्ष भव्य स्वरूप प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सीहोर की धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाना और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ना सभी का दायित्व है। मां जगदंबा की कृपा से हर वर्ष यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह और सहभागिता देखने को मिलती है। उन्होंने 151 मीटर लंबी चुनरी को भक्तों की श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बताया।

आस्था, एकता, संस्कृति का संदेश

मां जगदंबा को 151 मीटर लंबी चुनरी अर्पित करने, हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, गरबा टीमों की प्रस्तुतियों और जगह-जगह हुए स्वागत के बीच निकली चुनरी यात्रा धार्मिक उत्साह का केंद्र बनी रही। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को यादगार स्वरूप दिया। चुनरी यात्रा ने मां के प्रति अटूट आस्था के साथ सामाजिक एकता, सामूहिक सहभागिता और सनातन संस्कृति की परंपरा को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने वेतनमान सहित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश कार्यभारित कर्मचारी एवं दैनिक वेतन भोगी श्रमिक महासंघ ने प्रदेश में लंबे समय से सेवाएं दे रहे दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश मंत्री विनोद बोयत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर सौंपा। ज्ञापन का वाचन नगर अध्यक्ष महेश महेश्वरी ने किया। महासंघ ने कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने, अनुकंपा नियुक्ति की पात्रता प्रदान करने, नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्थाई कर्मियों के नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग उठाई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी पिछले 25 से 30 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। महासंघ के अनुसार, 16 दिसंबर 2025 को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक तथा उपमुख्यमंत्री की प्रेस वार्ता में स्थाई कर्मियों को नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं देने की बात कही गई थी। वहीं, वित्त विभाग द्वारा जारी 22 दिसंबर के परिपत्र में स्थाई कर्मियों को नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं देने एवं नियमितीकरण के संबंध में स्पष्ट प्रावधान नहीं होने से कर्मचारियों में भ्रम और असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रात्रि में लगातार अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों और किसानों का आक्रोश सडक़ पर फूट पड़ा। सरपंच प्रतिनिधि राजेश जांगड़े के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिलकिसगंज चौराहे पर सीहोर-भोपाल मार्ग पर चक्काजाम कर विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने बिजली कटौती तत्काल बंद करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की। विद्युत विभाग के सहायक यंत्री शिवराम मौके पर पहुंचे और रात में बिजली कटौती नहीं होने का आश्वासन दिया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में रात के समय दो से तीन बार बिजली काटी जा रही है। इससे करीब पांच से छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। लगातार कटौती के कारण ग्रामीणों की नींद प्रभावित हो रही है। वहीं, मच्छरों का प्रकोप बढऩे से बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कटौती के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। किसानों ने बताया कि वर्तमान में सिंचाई का सीजन चल रहा है। किसानों को विद्युत पंपों के लिए 24 घंटे में निर्धारित 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था है, लेकिन लोड सेटिंग और अघोषित कटौती के कारण उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। रात के समय होने वाली कटौती से फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली के तार झूल रहे हैं। इससे करंट लगने की घटनाओं का खतरा बना रहता है। किसानों के अनुसार, बिजली विभाग की लापरवाही के कारण कई लोग करंट से घायल हुए हैं तथा कुछ किसानों और मवेशियों की मौत होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। ग्रामीणों ने विद्युत व्यवस्था में सुधार, झूलते तारों को दुरुस्त करने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि रात्रिकालीन अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं की गई और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

कोलीपुरा के प्राचीन नृसिंह मंदिर में रामलीला कार्यक्रम की हुई शुरूआत

प्रयागराज से आए कलाकारों ने लीलाओं का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में नवरात्रि के पावन अवसर पर रामलीला का शुभारंभ हुआ। पहले दिन प्रयागराज से आए कलाकारों ने धार्मिक प्रसंगों पर आधारित विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में शिव विवाह, गणेश वंदना, नारद मोह भंग, मनु-शतरूपा, सीता भूमि प्रवेश, रावण-वेदवती संवाद और रावण जन्म जैसे प्रसंगों की प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से रामायण से जुड़े प्रसंगों को जीवंत किया। रामलीला का शुभारंभ संत माधव दास, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा एवं महंत बृजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। नवरात्रि के दौरान आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में भक्तों ने रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का आनंद लिया और भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रामलीला के पहले दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का मंचन किया गया। कलाकारों ने शिव विवाह की प्रस्तुति के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक परंपराओं और पौराणिक प्रसंगों से परिचित कराया। इसके बाद गणेश वंदना के साथ अन्य लीलाओं का मंचन आगे बढ़ा। कलाकारों की प्रस्तुतियों में संवाद, अभिनय और प्रसंगों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति देखने को मिली। नारद मोह भंग की लीला में दिखाया गया कि नारद मुनि के मोह से जुड़ी घटना के दौरान भगवान विष्णु ने उन्हें वानर रूप प्रदान किया। इससे नारद मुनि क्रोधित हो गए और उन्होंने भगवान विष्णु को धरती पर जन्म लेने का श्राप दे दिया। इस प्रसंग के माध्यम से कलाकारों ने अहंकार, मोह और उसके परिणामों को मंच पर प्रस्तुत किया। मनु-शतरूपा और रावण जन्म की लीलाओं का भी मंचन किया गया। इसके साथ ही सीता भूमि प्रवेश और रावण-वेदवती संवाद जैसे प्रसंगों को भी प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने पौराणिक कथाओं के विभिन्न पहलुओं को अभिनय के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाया। रामलीला के दौरान दर्शक देर रात तक मंचन देखते रहे और कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की। इस अवसर पर संत माधव दास ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों के सहयोग से मंदिर परिसर में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को धर्म, मर्यादा, कर्तव्य और संस्कारों की शिक्षा देने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में रामलीला का आयोजन और भी आवश्यक है, क्योंकि इसके माध्यम से नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों, पारिवारिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति से परिचित कराया जा सकता है। रामायण के प्रसंग मनुष्य को सत्य, त्याग, कर्तव्य और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। नवरात्रि के अवसर पर प्राचीन श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में रामलीला के शुभारंभ से क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक कथाओं से जुड़ने और भारतीय संस्कृति के आदर्शों को समझने का अवसर मिल रहा है।

ग्राम महोड़िया के विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत केंद्र, सीहोर द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम महोड़िया के विद्यालय में हिंदी भाषा संवर्धन एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में लगभग 50 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी प्रशंका जैन ने विद्यार्थियों को राजभाषा हिंदी के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षा, बौद्धिक विकास एवं व्यावसायिक जीवन में हिंदी की उपयोगिता बताई। आयोजित किए गए कार्यक्रम के दौरान मुहावरा अभिनय, 'विकसित भारत' विषय पर हिंदी भाषण एवं निबंध लेखन जैसी रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें नियमित रूप से शिक्षा जारी रखने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

खबर संक्षेप

विद्युत पोलों से किसान न बांधें पशुः मेवाड़ा

सीहोर। पशु किसान के परिवार का सदस्य होता है और उसकी आजीविका मुख्य साधन भी होता है। जिले के उत्कृष्ट कृषक व पशुपालक थूना कला निवासी राजेश मेवाड़ा ने सभी किसान भाइयों और पशुपालकों से अपील की है कि अभी रबी फसल की तैयारी प्रारंभ हो गई है और कई बार किसान खेत में हरा चारा खिलाने के लिए पशुओं को खुला छोड़ देते हैं कोई भी किसान भाई अनजाने में या लापरवाही वश अपने मवेशियों गाय, भैंस, बैल आदि को बिजली के खंभों विद्युत पोल या उनके सपोर्ट के लिए लगे अर्थिंग के तारों से बिल्कुल न बांधें। हवा चलने के कारण बिजली के खंभों में खराबी आ जाती है। कई बार गीली मिट्टी और खंभे के आसपास जमा पानी के कारण अर्थिंग की समस्या पैदा हो जाती है, जिससे पूरे लोहे के पोल या सीमेंट के खंभों में भी करंट उतर आता है। कृषक राजेश मेवाड़ा ने बताया कि पशुओं की त्वचा संवेदनशील होती है और वे अक्सर गीली जमीन पर खड़े होते हैं, इसलिए मामूली सा करंट भी उनके लिए तुरंत जानलेवा साबित हो जाता है। लापरवाही के कारण सैकड़ों बेजुबान पशु इस तरह के हादसों में अपनी जान गंवा देते हैं। एक छोटी सी लापरवाही बेजुबान की जान ले लेती है, बल्कि किसान को भारी आर्थिक और मानसिक संकट में भी डाल देती है।

शक्ति की भक्ति में डूबा अंचल, देवी भक्तों की सेवा के लिए लग रहा लंगर

17 साल से समिति सदस्य मां विजयासन धाम आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की कर रहे सेवा

आसपास गांवों के ग्रामीणों सहित धाम आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



शारदीय नवरात्र का पर्व नगर सहित संपूर्ण अंचल में पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है। नगर में दर्जन भर से अधिक पांडालों में दुर्गा प्रतिमाएं विराजित कर पूजा - अर्चना और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं , वहीं गांवों में भी लोग उपवास तो अखंड व्रत रखकर तो कोई पूरे नवरात्र में नंगे पैर रहकर शक्ति की भक्ति में लीन दिखाई दे रहा हैं। वहीं कुछ ऐसे भी लोग हैं जो लंगर आयोजित कर सलकनपुर स्थित मां विजयासन धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार , छाया , पानी, आराम आदि की सुविधाएं मुहैया कर एवं उनकी सेवा कर देवी की उपासना में जुटे हुए हैं।

17 साल से श्रद्धालुओं की कर रहे सेवा

मां विजयासन लंगर समिति ब्रिजिशनगर पिछले 17 वर्षों में बोरदी के समीप स्टेट हाइवे पर लंगर का आयोजन कर रही हैं। समिति के सदस्य चौबीसों घंटे मां विजासन धाम आने - जाने वाले श्रद्धालुओं को रोककर उन्हें स्वल्पाहार कराने के साथ ही छाया , पानी और आराम की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। समिति के अध्यक्ष गब्बर मेवाड़ा ने बताया कि समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा का पुनित कार्य पिछले 17 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन तीन हजार श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। समिति का मानना है कि हमारी संस्कृति में नर सेवा को नारायण (भगवान) की सेवा के समतुल्य माना गया है। इसी भावना को लेकर हम पूरे नवरात्र में लोगों की सेवा कर रहे हैं। इसी प्रकार नवदुर्गा उत्सव समिति नादान भी पिछले चार वर्षों से कोसमी घांट के उपर विशाल पांडाल एवं लंगर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए हैं। समिति ने बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया। नादान सहित आसपास गांवों के ग्रामीणों सहित विजयासन धाम आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण की। समिति के राजकुमार तिवारी ने बताया कि सुबह से रात तक पूरे समय



श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार एवं आराम की व्यवस्था की गई है। देवीधाम जाने वाले पैदल यात्रियों के जत्थे के लिए रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए भोपाल रवाना हुए आदिवासी

तीन हजार के शामिल होने का दावा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

ग्राम कोसमी में आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने के मामले को लेकर आदिवासी समाज के महिला, पुरुष और बच्चे गुरुवार को सुबह 11 बजे कोसमी से भोपाल के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगें रखने के उद्देश्य से निकले इस कारवां में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

आयोजकों ने पदयात्रा में 3000 से अधिक लोगों के शामिल होने का दावा किया है। पदयात्रा की शुरुआत के दौरान आदिवासी समाज के लोगों की करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी रैली नजर आई। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर चल रहे प्रदर्शनकारी अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हुए आगे बढ़े। रैली में महिलाओं और युवाओं के साथ बच्चे भी शामिल रहे। पदयात्रियों का लक्ष्य 80 किलोमीटर से अधिक का सफर तय कर भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचना है, जहां वे मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखकर न्याय की मांग करेंगे।

संकल्पः मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

ग्राम कोसमी में 12 आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने का मामला क्षेत्र में लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले को लेकर आदिवासी समाज में नाराजगी है। समाज के लोगों का कहना है कि प्रभावित परिवारों को न्याय मिले और उनकी समस्याओं का उचित समाधान किया जाए।

ज्योति आजीविका संघ की साधारण सभा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



ज्योति आजीविका संकुल स्तरीय संघ, इछावर की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी, प्रतिनिधि और मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का अमला मुख्य रूप से मौजूद रहा।

सभा के दौरान संकुल स्तरीय संघ की विगत वर्ष की उपलब्धियों की समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना एवं बजट पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए दीदियों को आत्मनिर्भरता और स्व-रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों का सम्मान समारोह रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में समर्पण भाव से कार्य करने वाली सीआरपी को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, बेहतर वित्तीय व प्रशासनिक प्रबंधन तथा महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले ग्राम संगठनों को भी मंच से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान समूह की दीदियों द्वारा कविता, गीत गायन और गरबा की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों के लिए भोजन व स्वल्पाहार की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर संकुल स्तरीय संघ की पदाधिकारी, बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की दीदियां, ग्राम संगठनों के प्रतिनिधि और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आज सजेगी काव्य और हास्य की महफिल

राधाकृष्ण मंदिर के तत्वावधान में किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर की शास्त्री कॉलोनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में मां राजराजेश्वरी उत्सव समिति एवं राधाकृष्ण मंदिर के तत्वावधान में शुक्रवार को कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए ख्याति प्राप्त कवि एवं हास्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को काव्य रस और हास्य से सराबोर करेंगे। आयोजन मां राजराजेश्वरी पंडाल, राधाकृष्ण मंदिर, शास्त्री कॉलोनी, पर रात 8 बजे से प्रारंभ होगा। कवि सम्मेलन में भोपाल के कवि संजय सिंह बाजी, दरभंगा के हास्य कवि मुकेश शांडिल्य, बिहार के समस्तीपुर से ओज कवि विजय गिरी बादल, अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि विजय विचित्र, माधवनगर के राष्ट्रीय कवि सौरभ सूर्य, नर्मदापुरम की श्रृंगार रस की कवयित्री मंगला केवट तथा सिवनी के हास्य कवि सुनील सावदा अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। वहीं, कार्यक्रम का संचालन गुरु चौटाला हास्य मंच संचालक संदीप मदन करेंगे।

गरबा मंडप के नीचे हजारों बालिकाओं ने दी गरबे की मोहक प्रस्तुति, बालिकाओं को दिए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



क्रिसेंट गरबा महोत्सव में गुरुवार रात आवासीय खेलकूद मैदान पर हजारों श्रद्धालुओं दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुव्यवस्थित गरबा मंडप के नीचे बालिकाओं ने भक्ति गीतों पर मन मोहक सामूहिक गरबा नृत्य प्रस्तुत प्रस्तुत किया। क्रिसेंट गरबा महोत्सव के विशाल मंच पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, रोमनी राय,वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नमिता राय, विधायक सुदेश राय, अरुणा राय, निलेश राय, सुषमा राय,राजकुमार जायसवाल रिंकू, शीतल राय ने अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच की ओर से बालिकाओं को मंच पर आमंत्रित कर पुरस्कृत किया। हजारों श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति में पारिवारिक वातावरण में पारंपरिक रूप से

श्रृंगारित आदिशक्ति रूपा हजारों बालिकाओं ने किया अद्भुत गरबा की सामूहिक प्रस्तुति देकर सबका मन जीत लिया। गरबा पांडाल में जय कारा माता शेरावाली दा बोल सांचे दरबार की जय के जयकारे गूंजते रहे। क्रिसेंट गरबा महोत्सव की संयोजिका समाजसेवीका अरुणा सुदेश राय की विशेष उपस्थिति में माता रानी की पांच हजार भक्त बालिकाओं ने डांडिया खेल कर अष्टभुजा धारी देवी माता दुर्गा की आराधना की। आवासीय खेलकूद मैदान पर ऐसा लग रहा था जैसे आदिशक्ति जगदंबा महारानी स्वयं बालिकाओं के रूप में धरती पर उतरकर नवरात्र मना रही है। कार्यक्रम में अनेक बालिकाएं विभिन्न आकर्षक रूपों में भी दिखाई दी। विधायक सुदेश राय वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और राय परिवार सदस्यों ने गरबा महोत्सव में शहर सहित ग्रामीण अंचलो से पहुंचे नागरिकों माता बहनों युवाओं बच्चों बुजुर्गों का अभिवादन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता रानी की विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया।

लखपति दीदियों ने साझा की सफलता की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकासखंड सीहोर की ग्राम पंचायत अहमदपुर स्थित सामुदायिक भवन में सावित्री बाई फुले आजीविका संकुल स्तरीय संघ अहमदपुर एवं शिव शक्ति आजीविका संकुल स्तरीय संघ चरनाल की संयुक्त साधारण सभा आयोजित की गई।

कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की दीदियों, ग्राम संगठनों के अध्यक्षों एवं सचिवों, संकुल स्तरीय संघों के पदाधिकारियों तथा सीआरपी दीदियों सहित कुल 265 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल मंझेड़ा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ललता प्रसाद दांगी, ग्राम पंचायत अहमदपुर के सरपंच आशीष, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक अहमदपुर के शाखा प्रबंधक कमल किशोर सोनी, बैंक ऑफ इंडिया चरनाल के शाखा प्रबंधक नीरज, जनपद पंचायत सीहोर के ब्लॉक प्रबंधक जे.एस. गोयल तथा सहायक ब्लॉक प्रबंधक रामभरोस बिजावत एवं मनोहर मालवीय उपस्थित रहे।

आयोजित हुए कार्यक्रम में ब्लॉक प्रबंधक जे.एस. गोयल ने आजीविका मिशन के उद्देश्यों, गतिविधियों एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी।

वहीं सहायक ब्लॉक प्रबंधक रामभरोस बिजावत ने स्व-सहायता समूहों एवं ग्राम संगठनों के संचालन, उनके दायित्वों और समूहों को मजबूत बनाने के संबंध में विस्तार से बताया। विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल मंझेड़ा ने महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण में आजीविका मिशन की भूमिका की सराहना की। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ललता प्रसाद दांगी ने महिलाओं को संगठित रहकर आजीविका गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

वहीं सरपंच आशीष ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में स्व-सहायता समूहों के योगदान की प्रशंसा की। साधारण सभा में दोनों संकुल स्तरीय संघों के कार्यों की समीक्षा करने के साथ समूहों एवं ग्राम संगठनों को सशक्त बनाने, वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देने और महिलाओं की आय में वृद्धि के प्रयासों को गति देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, सफल आजीविका गतिविधियों का प्रसार करना तथा अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

मां दुर्गा के जयकारों से गूंजा परिसर, रंग-बिरंगी रोशनी में सजा उत्सव का माहौल

क्रिसेंट गरबा महोत्सव में अटल अस्पताल ने लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अटल हॉस्पिटल जहां गंभीर अवस्था में पहुंचे मरीज को विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहा है वही सामाजिक सरोकार भी तत्परता के साथ निभा रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से तत्काल आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के मामले में विख्यात हो रहे अटल हॉस्पिटल के द्वारा भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर आयोजित हुए। क्रिसेंट गरबा महोत्सव में प्रतिभागी बालिकाओं महिलाओं और श्रद्धालुओं के लिए बेहतरीन इमरजेंसी मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई है। अटल हॉस्पिटल के द्वारा गरबा महोत्सव के दौरान उपलब्ध कराई गई चिकित्सा सुविधाओं की प्रशंसा विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय के द्वारा भी की गई। क्रिसेंट गरबा महोत्सव में अटल हॉस्पिटल की ओर से तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महोत्सव में शामिल होने वाली बालिकाओं, महिलाओं और अन्य लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए अस्पताल की ओर से आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई। क्रिसेंट गरबा महोत्सव में शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की करीब पांच हजार बालिकाओ ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग पहुँचे। ऐसे में किसी भी व्यक्ति की तबीयत खराब होने या अचानक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आने पर अटल हॉस्पिटल के डॉक्टर के द्वारा समय पर चिकित्सा सहायता दी गई। इमरजेंसी के लिए अटल हॉस्पिटल के द्वारा एंबुलेंस की व्यवस्था भी रखी गई।

आर्यावर्त विश्वविद्यालय में गरबा की थाप पर थिरके विद्यार्थी व शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





आर्यावर्त विश्वविद्यालय, सीहोर में माँ भगवती को समर्पित गरबा महोत्सव का भव्य एवं उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। भक्ति, संगीत, संस्कृति और परंपरा के अनूठे संगम ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की जीवंत छटा बिखेरी। माँ जगदम्बा की आराधना, गरबा की थाप और भक्तिमय गीतों के बीच विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

सांझ ढलते ही आकर्षक रोशनी से सजा विश्वविद्यालय परिसर उत्सव की अनुपम छटा बिखेरने लगा। रंगीन लाइटों की जगमगाहट, शानदार साउंड सिस्टम से गूंजती गरबा की धुनों और माँ दुर्गा के जयकारों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा परिसर माँ भगवती की भक्ति में सराबोर हो गया हो। संगीत की हर लय पर कदम थिरकते रहे और हर जयकारे के साथ श्रद्धा एवं उत्साह का संचार होता रहा। भोपाल के सुप्रसिद्ध गायक एवं गरबा संगीतकार सुनील शुक्रवारे की टीम ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों और ऊर्जावान संगीत से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पारंपरिक गरबा गीतों की धुनों पर विद्यार्थी और शिक्षक उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए।

टीम के साथ आए राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूपों में सजे कलाकारों ने अपनी आकर्षक वेशभूषा, भावपूर्ण प्रस्तुतियों और मोहक अदाओं से कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ दिया। उनके आगमन से आयोजन में भक्ति के साथ-साथ आनंद और उल्लास का अनूठा रंग देखने को मिला। राधा-कृष्ण की मनोहारी झलक ने उपस्थित लोगों को भारतीय संस्कृति और कृष्णभक्ति की सुंदर परंपरा से जोड़ दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की संरक्षिका श्रीमती कुन्ती सिंह गौतम एवं चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम ने सहभागिता कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम ने अपने संदेश में भारतीय संस्कृति और सभ्यता को प्रोत्साहित करने तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, पारंपरिक मूल्यों और सामाजिक सहभागिता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

कार्यक्रम के समापन पर चेयरमैन डॉ. गौतम ने माँ जगदम्बा की आराधना से जुड़े गीत के माध्यम से भाव व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत विद्यार्थियों को संस्कृति, संस्कार और मातृभक्ति से जोड़ना आवश्यक है। आर्यावर्त विश्वविद्यालय भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलसचिव डॉ. अनुज सिंघई ने गायक सुनील शुक्रवारे की टीम, विश्वविद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं, सामूहिक सहभागिता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर कुलगुरु प्रोफ. (डॉ.) दीपक राज तिवारी, प्रतिकुलगुरु डॉ. गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव डॉ. सिंघई सहित शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। महोत्सव ने उत्सव के साथ भारतीय संस्कृति, भक्ति और परंपराओं के प्रति सम्मान को भी सुदृढ़ किया।



प्राकृतिक खाद्य उत्पादों के माध्यम से स्वास्थ्य, गुणवत्ता और विश्वास को बढ़ावा देने की पहल

महिला सशक्तीकरण, स्थानीय रोजगार व किसानों के सहयोग की दिशा में बढ़ते कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने, गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पादों को आमजन तक पहुँचाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में राजगढ़ जिले के ब्यावरा से संचालित 'अनाजू' एक सकारात्मक पहल के रूप में आगे बढ़ रहा है। 'फ्रेश फोर्म फिल्डस टू फैमली' अर्थात खेतों से परिवार तक ताजगी और विश्वास पहुँचाने के ध्येय के साथ यह उद्यम प्राकृतिक खाद्य उत्पादों, गुणवत्ता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए अपनी पहचान स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है।

देशभर तक पहचान बनाने की ओर अग्रसर ब्यावरा की 'अनाजू'



'दो उद्यमियों की पहल से शुरू हुआ सफर'

अनाजू प्रोडक्ट्स एलएलपी की स्थापना शौर्य गुप्ता और कोपल गुप्ता ने 14 जनवरी, 2026 को की। इसके बाद मार्च 2026 से ब्यावरा, जिला राजगढ़ में नियमित रूप से कार्य संचालन प्रारंभ किया गया। उद्यम का उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा प्राकृतिक खाद्य उत्पादों के माध्यम से उनके दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कंपनी किसानों और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य उत्पाद प्राप्त करती है। ग्राहकों तक उत्पाद पहुँचाने से पहले गुणवत्ता की कई स्तरों पर जाँच की जाती है। कंपनी का मूल सिद्धांत है कि जो उत्पाद स्वयं के परिवार के लिए उपयुक्त न हो, उसे दूसरे परिवारों तक भी नहीं पहुँचाया जाना चाहिए। इसी सोच के साथ अनाजू गुणवत्ता, विश्वास और पारदर्शिता को अपने कार्यों का आधार बना रहा है।

लगभग 120 उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला'

अनाजू के उत्पाद समूह में वर्तमान में लगभग 120 प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। इनमें अनाज, दालें, आटा, मसाले, बीज, सूखे मेवे सहित अन्य खाद्य उत्पाद सम्मिलित हैं। स्थानीय स्तर से शुरुआत करते हुए कंपनी ने अपनी वेबसाइट और फ्लिपकार्ट के माध्यम से बिक्री प्रारंभ की है। इसके साथ ही अमेजन पर भी अपनी उपस्थिति बनाई है। इस प्रकार ब्यावरा से शुरू हुआ यह उद्यम डिजिटल माध्यमों के जरिए अधिकाधिक ग्राहकों तक पहुँचने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

25 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार, 19 महिलाओं को मिला अवसर

अनाजू स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में भी योगदान दे रहा है। कंपनी द्वारा अब तक 25 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया गया है। इनमें 19 महिलाएँ शामिल हैं, जिन्हें उत्पादों की छँटाई और सफाई जैसे कार्यों में मजदूरी के आधार पर रोजगार मिला है।

किसानों के सहयोग से स्थानीय ब्रांड को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य

अनाजू का आगामी लक्ष्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना, किसानों को सहयोग देना तथा खाद्य प्रसंस्करण और पैकेजिंग की क्षमता विकसित करना है। कंपनी अपने उत्पादों की पहुँच का विस्तार करते हुए राजगढ़ जिले के इस ब्रांड को देशभर के ग्राहकों तक पहुँचाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। ब्यावरा से शुरू हुई अनाजू की यह पहल स्थानीय उद्यमिता, महिला रोजगार, खाद्य गुणवत्ता और तकनीक आधारित नवाचार के समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा

ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती बंद कर किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ द्वारा राज्यपाल मध्यप्रदेश शासन के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रतसिंह खींची के नेतृत्व में कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश सहित पूरे देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों पर निर्भर है। ऐसे में किसानों को फसलों की बुवाई, सिंचाई एवं उत्पादन के लिए समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती के कारण किसान, व्यापारी, विद्यार्थी एवं आम नागरिक परेशान हैं।



ज्ञापन में यह रखी प्रमुख मांगें

- राजगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए।
- किसानों को सिंचाई एवं कृषि कार्यों के लिए निर्धारित समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए।
- ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
- बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों की समस्याओं का जिला स्तर पर तत्काल समाधान किया जाए।
- विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण विरोध एवं अपनी आवाज उठाने वाले नागरिकों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिले में बिजली की समस्या का समाधान करने के बजाय ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निराकरण करना प्रशासन एवं विद्युत विभाग की जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभाग तत्काल हस्तक्षेप कर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था में सुधार करें, ताकि किसानों को राहत मिले और आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

नमकीन निर्माण में उपयोग हो रहा 20 किलो जला तेल कराया नष्ट, मिठाइयों के सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा बुधवार को नरसिंहगढ़ स्थित सांवलिया स्वीट्स एवं अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सांवलिया स्वीट्स से लौंग सेव एवं मावा रोल तथा अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स से मावा एवं अन्य मिठाइयों के नमूने जांच के लिए गए। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान सांवलिया स्वीट्स में सेव नमकीन का निर्माण किया जा रहा था। यहां कढ़ाई में कॉटन सीड ऑयल का जला हुआ तेल उपयोग में लिया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर मौके पर ही लगभग 20 किलोग्राम जला हुआ तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 4 हजार रुपये है, नष्ट कराया गया। इसी तेल से निर्मित लौंग सेव नमकीन का नमूना भी जांच के लिए लिया गया है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने संबंधित संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।



अफीम नीति में देरी से किसानों की चिंता बढ़ी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर ने केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिख रखीं मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने 15 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आगामी अफीम नीति शीघ्र घोषित करने तथा अफीम उत्पादक किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय पर अफीम नीति घोषित नहीं होने से किसानों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, इस वर्ष कम बारिश होने के कारण खेती-किसानी की परिस्थितियां भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं। ऐसे में नीति की घोषणा में देरी किसानों की आगामी फसल की तैयारी और उत्पादन प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। गुर्जर ने पत्र के माध्यम से मांग की कि केंद्र सरकार अफीम नीति को बिना किसी अनावश्यक विलंब के घोषित करे, ताकि किसानों को समय रहते स्पष्ट दिशा-निर्देश मिल सकें और वे आगामी फसल की तैयारी उचित ढंग से कर सकें।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने केंद्र सरकार से मांग की..

आगामी अफीम नीति शीघ्र घोषित कर किसानों की लंबे समय से बनी अनिश्चितता दूर की जाए। पात्र किसानों के लाइसेंस, पात्रता एवं नवीनीकरण संबंधी नियम समय पर स्पष्ट किए जाएं, ताकि किसान आगामी फसल की तैयारी कर सकें। कम बारिश और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किसानों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक राहत एवं सहयोगात्मक उपायों पर विचार किया जाए। अफीम उत्पादक किसानों के हित में लाइसेंस, उत्पादन एवं अन्य नीतिगत प्रावधानों को पारदर्शी और किसानहितैषी बनाया जाए। नीति संबंधी निर्णयों और आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी किसानों तक समय पर पहुंचाई जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों और आर्थिक नुकसान की आशंका से बचाया जा सके। गुर्जर ने कहा कि अफीम उत्पादक किसान देश की कृषि अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके बावजूद नीति की घोषणा में देरी और कम बारिश जैसी परिस्थितियां उनके सामने अतिरिक्त चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। सरकार को किसानों की वास्तविक परिस्थितियों को समझते हुए संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए।

मन्नत जैन और भीनी दुग्गड़ का राज्यस्तरीय शालेय क्रिकेट के लिए चयन



मंदसौर। यूनिक क्रिकेट अकादमी मंदसौर की नियमित खिलाड़ी मन्नत जैन एवं भीनी दुग्गड़ का राज्यस्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के 17 वर्ष बालिका वर्ग के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 अक्टूबर तक शिवपुरी में किया जाएगा। दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ी उज्जैन संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। दोनों खिलाड़ियों के चयन से यूनिक क्रिकेट अकादमी में हर्ष का माहौल है।

केंद्रीय संयुक्त महामंत्री जी. स्थानुमलयन ने दिया मार्गदर्शन

विश्व हिन्दू परिषद मंदसौर विभाग की त्रैमासिक कार्ययोजना बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

विश्व हिन्दू परिषद मंदसौर विभाग की त्रैमासिक कार्ययोजना को लेकर केंद्रीय पदाधिकारी का प्रवास हुआ। इस अवसर पर मंदसौर स्थित सिंधु महल में विभागीय बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम राम दरबार एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, सेवा कार्यों, सामाजिक समरसता एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मंच पर विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री जी. स्थानुमलयन, मालवा प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, प्रांत सह सेवा प्रमुख आशुतोष शेखावत एवं विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला उपस्थित रहे।

इस अवसर पर तीनों जिलों के अध्यक्ष, मंत्री, संयोजक, मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ताओं ने श्री जी. स्थानुमलयन का स्वागत करते हुए विश्वविख्यात भगवान अष्टमुखी पशुपतिनाथ महादेव की प्रतिमा भेंट की। बैठक का संचालन विभाग संयोजक श्री खुमान सिंह ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देतेर हुए केंद्रीय संयुक्त महामंत्री श्री जी. स्थानुमलयन ने आगामी त्रैमासिक कार्ययोजना एवं संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक कार्यों में कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार बनाने की आवश्यकता है। संगठन के प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता रखनी चाहिए तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्व को स्वयं का कार्य समझकर पूर्ण निष्ठा से करना चाहिए।



बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के आगामी हित चिंतक अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। यह अभियान 23 नवंबर से 6 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर समाज के लोगों को संगठन का हित चिंतक बनाएंगे। बैठक में अशोक जी सिंघल की 100वीं जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंदसौर विभाग के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना पर चर्चा हुई। इसके अंतर्गत सेवा प्रकल्प, रक्तदान कार्यक्रम, संगोष्ठियां एवं अन्य आयोजन किए जाएंगे।

बैठक में मालवा प्रांत मंत्री विनोद शर्मा ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए दुर्गा वाहिनी के संचलन, बजरंग दल की शौर्य यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस दौरान तीनों जिलों में दुर्गा वाहिनी के संचलन तथा संगोष्ठियों के आयोजन की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में मंदसौर विभाग के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों के प्रांत, विभाग, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श पर हुई चर्चा

मंदसौर में 'सिलसिला एवं तलाशे जौहर' का आयोजन



मंदसौर। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में बुधवार को मंदसौर में सिलसिला एवं तलाशे जौहर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ह्युउर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श विषय पर विचार-विमर्श के साथ शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्यिक, सामाजिक और मानवीय सरोकारों को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अजीजुल्ला ख़ान ने ह्युउर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्त्री विमर्श केवल औरत के दुख-दर्द का बयान नहीं, बल्कि उसकी पहचान, अधिकारों, इच्छाओं, स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान की बात भी है। उर्दू साहित्य ने औरत को महबूबा, माँ और संघर्षशील, स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत किया है। आधुनिक लेखिकाओं और शायरों ने उसकी आवाज, सवालों और बराबरी की माँग को प्रमुखता दी है। उन्होंने कहा कि स्त्री विमर्श का उद्देश्य स्त्री-पुरुष विरोध नहीं, बल्कि सम्मान, समानता और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना है। औरत को महज किरदार नहीं, बल्कि मुकम्मल इंसान समझना ही सच्ची सामाजिक प्रगति है। कार्यक्रम में उपस्थित शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, आपसी सद्भाव, मानवीय संवेदनाओं और साहित्यिक मूल्यों को अभिव्यक्त किया।

ग्राम देवरी में नवजात शिशु मिलने से मचा हड़कंप पुलिस को दी सूचना



शामगढ़/मंदसौर। शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में एक नवजात शिशु को फेंके जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और शामगढ़ पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मामले को लेकर ग्रामीणों में चर्चा का माहौल है। नवजात शिशु को किसने और किन परिस्थितियों में वहां छोड़ा, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वही नवजात शिशु को जिला चिकित्सालय भेजा गया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

चौथे दिन कांग्रेस के प्रदेश सचिव सोमिल नाहटा ने की महाआरती

गांधी नगर गरबा महोत्सव बना मंदसौर की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नगर के प्रमुख एवं प्रतिष्ठित गरबा आयोजनों में शुमार नव दुर्गा गरबा समिति, गांधी नगर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य गरबा महोत्सव का अत्यंत हर्षोल्लास एवं भक्तिमय माहौल में आयोजन किया जा रहा है। मन्दसौर नगर के इस मुख्य गरबा महोत्सव में प्रतिदिन माताओं एवं बहनों द्वारा एक जैसी आकर्षक वेशभूषा में उपस्थित होकर भिन्न-भिन्न विधाओं और शैलियों में गरबे की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं, जो समूचे क्षेत्र के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।



नवरात्रि पर्व के पावन चौथे दिन महाआरती के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव सोमिल नाहटा, वरिष्ठ पत्रकार प्रतिपाल सिंह राणा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता तरुण खींची विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान अतिथियों का स्वागत समिति संरक्षक कुशाल सिंह शक्तावत, राजेंद्र सिंह राणा, राजेंद्र सिंह राणावत, गोवर्धन सिंह सोलंकी, मनोहर लाल चौहान, मार्गदर्शक रघुवीर सिंह देवड़ा, के सी शर्मा, प्रेमचंद बामणिया, बालमुकुंद दुबे, सत्यनारायण राव, मदन मालवीय, अशोक गौड, धर्मपाल सिंह देवड़ा, जगदीश शर्मा, अध्यक्ष रामनारायण प्रजापति, उपाध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी, भोला भारती सोनी, सुरेश जोशी, जगदीश मालवीय, कोषाध्यक्ष सुनील बसेर, सचिव रतन लाल चौहान, सह सचिव पूरनमल प्रजापति, मंच संचालनकर्ता हस्तीमल सांखला व जितेंद्र सिंह सिसौदिया, व्यवस्थापक मुकेश गुर्जर, नवीन तिवारी, बिंदुपाल सिंह राठौर एवं समिति सदस्य सुरेश शर्मा, बाबूलाल डांगी, भेरूलाल सांवरा, विजेंद्र सिंह चुण्डावत तथा सुरेंद्र सिंह आदि द्वारा किया गया।



खबर संक्षेप

ढाबला से झागरिया तक निकलेगी चुनरी यात्रा

सीहोर। ढाबला केलाबाड़ी स्थित महिषासुर मर्दानी माता मंदिर से शुक्रवार को झागरिया वाली माता मंदिर तक चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। चुनरी यात्रा के आयोजक ने बताया कि ढाबला केलाबाड़ी मैं माता रानी महिषासुर मर्दानी कि श्रद्धालुओं के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी। सैकड़ों श्रद्धालु माता रानी जगदंबा की 1001 फीट की चुनरी लेकर सुबह 10:30 बजे डीजे बैंड बाजे ढोल धमाकों भगवा झंडो के साथ रवाना होंगे। चुनरी यात्रा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से होती हुई झागरिया बिलकिसगंज स्थित माता मंदिर पहुंचेगी यहां पर माता रानी को चुनरी अर्पित की जाएगी। बताया कि प्रतिवर्ष नवरात्र में बीते 10 वर्षों से सफलतम चुनरी यात्रा निकाली जा रही है। आसपास के सैकड़ो श्रद्धालु माता बहने भाई बुजुर्ग बच्चे युवा चुनरी यात्रा में शामिल होते हैं माता रानी का जयकारा लगाते हुए यह चुनरी यात्रा पारंपरिक रूप से हर्षो उल्लास के साथ निकाली जाएगी।

आज ग्राम पिपलानी में लगेगा शिविर

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को भैरूंदा विकासखंड के ग्राम पिपलानी में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनें और शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करते हुए नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दें तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

नगर में जल भराव समस्या के समाधान को लेकर नपा में हुई बैठक

व्यापारी, जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की उपस्थिति में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

जल भराव की समस्या के स्थायी एवं वैकल्पिक समाधान के लिए बुधवारा क्षेत्र के व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की एक सामूहिक बैठक नपा के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की वर्षों पुरानी बुधवारा क्षेत्र में जल भराव की समस्या के स्थायी एवं वैकल्पिक समाधान के लिए बुधवारा क्षेत्र के व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की एक सामूहिक बैठक नपा के सभाकक्ष में आहूत हुई। यह बैठक नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति सहित संबंधित वार्ड पार्षदों एवं बुधवारा बाजार के व्यापारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। जल भराव की गंभीर समस्या से निपटने के लिए व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव बैठक में व्यक्त किए। जिस पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा एवं सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने बुधवारा नाला निर्माण के दौरान होने वाली असुविधाओं से व्यापारियों एवं संबंधित वार्ड पार्षदों को अवगत कराया।

नपा में आयोजित की गई बैठक में चर्चा के दौरान बताया गया कि बुधवारा क्षेत्र में नगर की आधी आबादी सुभाष नगर, मानस भवन, गल चौराहा, गंज चौराहा, कुम्हार मौहल्ला सहित लगभग एक दर्जन कॉलोनियों का बारिश का पानी आता है, जिसके कारण बारिश के पानी को अपने गंतव्य तक जाने में बाधा उत्पन्न होती है। साथ ही नाले के विस्तृत निर्माण कार्य होने में जहां समय लगने की संभावना है, वहीं व्यापारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि बुधवारा क्षेत्र नगर का मुख्य बाजार है यह क्षेत्र सघन के साथ-साथ संकरा भी है। इन सभी चर्चाओं के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था कर समस्या का निराकरण किए जाने पर सभी की सहमति बनी।

नाले का चौड़ीकरण और निर्माण

बैठक में बस स्टैंड के पास पूर्व में बनी छोटी नाली से जल निकासी अपर्याप्त थी, इसलिए रांका धर्मशाला से जैन धर्मशाला तक नाले को चौड़ीकरण कर परदेशीपुरा से अस्पताल के कोने तक के नाले को गहरा और चौड़ा करते हुए, रेंज ऑफिस के किनारे से होते हुए नवनिर्मित नाले में मिलाना। इस वैकल्पिक व्यवस्था से जल भराव की समस्या के समाधान की प्रबल संभावना है। संपूर्ण क्षेत्र के सभी नालों की विधिवत सफाई कराई जाएगी, उन्हें यथासंभव गहरा किया जाएगा तथा नाले की गाद तुरंत निकलवाई जाएगी।

सीमांकन और अतिक्रमण हटाना – संपूर्ण बुधवारा क्षेत्र में नाले का सीमांकन कराया जाएगा, ताकि अतिक्रमण को स्पष्ट रूप से चिन्हित कर हटाया जा सके। वहीं जिन स्थानों पर नाले को मोटे कांक्रीट से ढंक दिया गया है जिससे जल निकासी प्रभावित होती है, उन्हें हटाया जाएगा। धर्मशाला के पिछले दरवाजे के पास ऊंचे किए गए रोड़ को हटाकर उसे यथासंभव समतल किया जाएगा।

खारी कुंडी का जीर्णोद्धार

बैठक में निर्णय लिया गया कि खारी कुंडी का जीर्णोद्धार किया जाएगा, ताकि उसमें आने वाले बाहरी जल को रोका जा सके। साथ ही खारी कुंडी से परदेशीपुरा तक दोनों तरफ नई नाली का निर्माण कार्य कराया जाएगा। नपा में आयोजित की गई बैठक के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि नगरपालिका जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जल्द से जल्द इन वैकल्पिक तथा स्थायी व्यवस्थाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए, जिससे आगामी बारिश के मौसम में व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, सुभाष नामदेव, शेख रईस, जाहिद गुड्डू, तारा कटारिया, रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, तेजपाल कल्लू मुकाती, व्यापारीगण सत्यनारायण कामरिया, राजू चौरसिया, देवकरण पहलवान, मनीष धारवां, पवन बुल्लू, राजा पारख, मंजीत पंजाबी, जगदीश खत्री, आशीष खत्री, राज खत्री, प्रेमनारायण जायसवाल, संजय रांका, बसंत जैन, सुरेन्द्र पोरवाल, जीवन मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई, सुनी समस्याएं

समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्राम दरखेड़ा में पुत्र राजकुमार की करंट लगने से मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सहायता हेतु पिता बिक्रमसिंह ने मांग पत्र सौंपा और आर्थिक सहायता की मांग की। इसके साथ ही विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनसुनवाई में आए अन्य कई ग्रामों के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 11 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिए जनसुनवाई करते है। बुधवार को सुबह 11 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जन सुनवाई में बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आवेदनों को तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं, मांगो का जल्द निराकरण होगा। जो मांग शासन स्तर की है उन्हें वे शासन तक पहुंचाउंगा।

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत गोपालपुर के ग्राम हमीदखेड़ी से मोहल्ले में रामदेव मंदिर का निर्माण कार्य कराए जाने,ग्राम पंचायत पगारिया हाट में रामदेव बाबा ओटला टीन शेड निर्माण कार्य कराने,ग्राम दरखेड़ा में पुत्र राजकुमार की करंट लगने से मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सहायता हेतु मांग पत्र,संस्था के कार्य क्षेत्र अंतरगत बागेर तालाब जलाशय से सदस्यो को मछली निकालने की अनुमति प्रदाय किए जाने, टिगरिया में नया ट्रांसफॉर्मर लगवाने हेतु,ग्राम खड़ी हाट कबीर मंडल में साज बाज हेतू वाद्य यंत्र की राशि स्वीकृत हेतु मांग,सहित अन्य आवेदन पत्र प्राप्त हुऐ। सभी आई शिकायतों,मांगो एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है।

आरोपी को 19 महीने और 21 लाख 75 हजार के प्रतिकर की मिली सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नारायण कुशवाह पिता छोटेलाल कुशवाह निवासी मुगली रोड़ आष्टा जिला सीहोर ने एक चैक अनादरण का परिवाद केशरसिंह पिता भगवतसिंह निवासी ग्राम जगमालपुरा (भीमपुरा) तहसील आष्टा जिला सीहोर के विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आष्टा के न्यायालय में 27 सितंबर 2021 को पेश किया था। जिसमें साक्ष्य आदि प्रस्तुती उपरांत दिनांक 08 अक्टूबर 2026 को प्रकरण में निर्णय घोषित कर केशरसिंह को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत दोषी ठहराया। नारायण कुशवाह के अधिवक्ता प्रिंस अनुराग धारवाँ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विद्वान मजिस्ट्रेट प्रीति अग्रवाल ने 1 वर्ष के कारावास की दण्डाज्ञा देते हुए 15,00,000 रुपये पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से कुल 2175000 रुपये अदा करने और पतिकर अदा न करने पर 6 माह का कारावास तथा परिवाद खर्च के 5000 रुपये जिसे अदा न करने पर 30 दिन का करावास की सजा से दण्डित किया है। निर्णय में प्रतिकर और खर्चे की राशि अदा करने पर जो 7 माह की सजा दी गई वह मूल सजा भुगताने के बाद इसे पृथक से भुगताई जाने का भी आदेश दिया है। इस प्रकार केशरसिंह को कुल 19 माह की सजा दी गई है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा शिविर किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की बालक व बालिका इकाइयों तथा शासकीय विधि महाविद्यालय द्वारा 15 अक्टूबर को ग्राम बिजौरी में एक दिवसीय ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने पौधरोपण, स्वच्छता सर्वेक्षण, नशामुक्ति जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और ग्राम भ्रमण जैसी गतिविधियों में सहभागिता की। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने, नशे से दूर रहने, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जनसेवा की भावना विकसित करना साथ ही ग्रामीणों को जनकल्याणकारी गतिविधियों के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर में सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. श्याम कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुप्रिया गुप्ता, पूर्णिमा सिंह परिहार, डॉ. जितेन्द्र आर्य, डॉ. दुष्यंत कौल, प्रतीक गुप्ता एवं डॉ. दिव्या शर्मा उपस्थित रहे। ग्राम बिजौरी की सरपंच कविता वर्मा ने भी शिविर में सहभागिता कर ग्रामीण विकास और जनभागीदारी के प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

चुनरी यात्रा का सर्व सेन समाज ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर शहर में चुनरी यात्रा निकाली गई। इसी कड़ी में विवेक राठौर और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन का सर्व सेन समाज द्वारा उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

इस अवसर पर युवा सेन संगठन के अध्यक्ष प्रमोद सेन, तुलसीराम काका, समाज के अध्यक्ष मूलचंद दहलिया, मनोज सेन रोला, सुरेश सेन, धर्मेन्द्र सेन, राहुल सेन और पवन सेन सहित समाज के कई प्रमुख लोग और युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने मिलकर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया और इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में अपना पूरा योगदान दिया। सर्व सेन समाज सीहोर के मीडिया प्रभारी कमल बगवैय्या ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में निकली इस चुनरी यात्रा को लेकर समाज के हर वर्ग और युवाओं में गजब का उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, एकता और सांस्कृतिक संस्कारों को मजबूत करते हैं।

मन को धर्म में लगाकर सम्यक दर्शन और चारित्र की ओर बढ़ें, पुण्य बनेगा मोक्ष मार्ग का आधार : मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जीवन में आत्मकल्याण के लिए लक्ष्य निर्धारित कर धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ना आवश्यक है। मनुष्य अपने विचारों, भावनाओं और आचरण को शुद्ध रखकर पुण्य का अर्जन कर सकता है तथा पापों से बच सकता है। मन को धर्म में लगाना, सम्यक दर्शन और चारित्र की दिशा में पुरुषार्थ करना ही आत्मा की उन्नति का मार्ग है। यह बात समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में आशीष वचन देते हुए कही।

मुनि श्री ने जैन दर्शन में मन और ज्ञान के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि मन और ज्ञान एक नहीं हैं। दोनों के लक्षण, स्वरूप और कार्य अलग-अलग हैं। ज्ञान जीव का स्वभाव और गुण है, जबकि मन विचार, संकल्प और विकल्प का माध्यम बनता है।

मनुष्य के पास ज्ञान होने के बावजूद उसका उपयोग किस दिशा में होगा, यह उसके विचारों और भावनाओं पर निर्भर करता है। इसलिए मन को मलिन विचारों में भटकाने के बजाय धर्म, सदाचार और आत्मकल्याण में लगाना चाहिए। मुनि सागर महाराज ने जैन सिद्धांतों के संदर्भ में कहा कि संकल्पपूर्वक हिंसा करने से अधिक पाप का बंध होता है। इसलिए केवल बाहरी आचरण ही नहीं, बल्कि मन के भावों की शुद्धता भी महत्वपूर्ण है। मुनि श्री ने सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र के संबंध में बताते हुए कहा कि जैन धर्म के रत्नातय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए सही दृष्टि, ज्ञान और आचरण आवश्यक हैं।

ज्ञान का होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे सही दिशा में उपयोग करना और जीवन में धर्म को स्थान देना भी जरूरी है। जिस व्यक्ति का मन धर्म में लगता है, वह उपदेश को ग्रहण कर अपने जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को मिला समय, धन और सामर्थ्य अमूल्य हैं। यदि मन को मलिनता में, धन को केवल भोग-विलास में और समय को व्यर्थ कार्यों में लगा दिया, तो आत्मिक उन्नति का अवसर हाथ से निकल जाता है। इनका सदुपयोग धर्म, संयम और परोपकार के कार्यों में करना चाहिए।मुनिश्री ने मन की चंचलता का उल्लेख करते हुए कहा कि मन को नियंत्रित कर अच्छे कार्यों में लगाना आवश्यक है।

जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें और अपने प्रत्येक कार्य को आत्मकल्याण की भावना से जोड़ें। पुण्य का अर्जन और पाप से बचने का प्रयास जीव को मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर कर सकता है। अंत में मुनि सागर महाराज ने श्रद्धालुओं से सम्यक दर्शन को दृढ़ करने, सम्यक ज्ञान को जीवन में उतारने और सम्यक चारित्र की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने संदेश दिया कि धर्म केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि उसे विचारों, भावनाओं और आचरण में धारण करने का मार्ग है।

सुशील यादव बने टेलर्स एसोसिएसन के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



टेलर्स संगठन के संपन्न हुए निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर सुशील यादव को नियुक्त किए जाने पर संगठन के सदस्य एवं शुभचिंतको ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

यादव ने अध्यक्ष बनने पर कहा टैलरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा सभी सदस्यों के हित में कार्य करने का प्रयास करेंगे। सुशील यादव ने संगठन के सभी पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया। सतीश डोंगरे, जीतमल मकवाना, रामेश्वर सोनी, जीतमल नायक आदि ने सुशील यादव को शुभकामनायें प्रेषित की। इस अवसर पर संगठन के सदस्य भविष्य नामदेव, दिनेश डाबी महेश सोलंकी, निसार खा गोलू महेश्वरी, महेश वर्मा, कमल गौतम, सुरेश नायक, राजेंद्र सोलंकी ताराचंद्र नायक, मोहनलाल, राजेंद्र कुमार, अमीन खा, संतोष मकवाना आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमः आरबीएसके टीम बनी उम्मीद की किरण

समय पर बीमारी की पहचान से मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जरूरतमंद बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर उनके बेहतर भविष्य की राह आसान बना रहा है। इसी की एक प्रेरक मिसाल आष्टा के 8 वर्षीय राजवीर मालवीय हैं, जिन्हें आरबीएसके टीम के प्रयासों से गंभीर हृदय रोग की पहचान होने के बाद उपचार मिला। समय पर बीमारी की पहचान, उचित रेफरल और विशेषज्ञ चिकित्सकों के उपचार से राजवीर को स्वस्थ जीवन की नई उम्मीद मिली है। राजवीर के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आष्टा की आरबीएसके टीम-बी के चिकित्सक डॉ. अमीन खान एवं डॉ. तहसीन फातिमा ने जन्मजात हृदय रोग सीएचडी की पहचान की। इसके बाद राजवीर को बेहतर उपचार के लिए जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र, सीहोर के माध्यम से रेफर किया गया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे गुजरात के यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में उपचार के लिए भेजा गया। राजवीर की 7 अक्टूबर को गुजरात में सफल सर्जरी की गई। यह सफलता समय पर बीमारी की पहचान और स्वास्थ्य विभाग की समन्वित कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

आरबीएसके टीम ने बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति को समझते हुए उसे विशेषज्ञ उपचार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस पूरे प्रयास में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया, सीबीएमओ डॉ. अमित माथुर, डीईआईएम प्रभारी दीनू शर्मा तथा आरबीएसके नोडल अधिकारी डॉ. अंकित चांडक का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। स्वास्थ्य विभाग के इन समन्वित प्रयासों से राजवीर को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सका। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जन्मजात विकारों, बीमारियों और विकास संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना है। राजवीर की कहानी इस बात का प्रमाण है कि समय पर जांच, सही मार्गदर्शन और उचित उपचार से बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। आरबीएसके टीम आष्टा का यह प्रयास न केवल एक बच्चे के बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि अन्य परिवारों के लिए भी आशा और भरोसे का संदेश देता है।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मत्स्य पालन केंद्र जमुनिया का शैक्षणिक भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद पीजी महाविद्यालय सीहोर के प्राणीशास्त्र एवं एक्वाकल्चर विभाग के विद्यार्थियों ने मत्स्य पालन केंद्र जमुनिया का शैक्षणिक भ्रमण किया, जिसमें एमएससी और बीएससी के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान मत्स्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर प्रशांत हर्ष ने विद्यार्थियों को मछलियों की विभिन्न प्रजातियों के पालन, मत्स्य पालन से रोजगार एवं अच्छी आय प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को नर्सरी में ब्रीडिंग, स्टॉकिंग पॉन्ड और चाइनीज हैचरी से संबंधित जानकारी भी दी गई। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. नितिन बातव, प्रो. श्याम कुमार, प्रो. विभु सोनिया, प्रो. सीनिक सिंह एवं प्रयोगशाला तकनीशियन वैभव बड़ोनिया उपस्थित रहे।